# आज इतवार है



आज इतवार है । स्कूल और दफ्तर बंद हैं । यह छुट्टी का दिन है । माँ बाजार जाती हैं । उनकी मदद करने को मदन भी कभी-कभी चला जाता है । रानी को तो बाजार में घूमना अच्छा लगता है । वह पिताजी को साथ ले जाती है । सब मिलकर जरूरत की चीजें खरीदते हैं ।

माँ सब्जी की दुकान में पहुँचीं । इस बाजार में ताजा सब्जियाँ मिलती हैं । माँ ने आलू, प्याज, बैंगन, पपीता, गाजर, मूली, परवल, पालक, कच्चा केला, करैला, मिर्च, नीब्बू, फूल गोभी आदि कई सब्जियाँ खरीदीं ।



रानी को कई सब्जियों के नाम मालूम नहीं थे । उसने उनको पहली बार पहचाना ।



मदन हलवाई की दुकान में पहुँचा । रोज स्कूल के लिए टिफिन ले जाना पड़ता है । उसने कई मिठाइयाँ खरीदीं । वहाँ शाश्वत मिल गया । उसने अपनी पसंद की मिठाई और नमकीन चीजें देखीं । दोनों में बातचीत हुई–

मदन– मुझे तो भाई, जलेबी बहुत अच्छी लगती है ।

शाश्वत –और रसगुल्ले ?

मदन – हाँ, वे भी अच्छे हैं, पर जलेबी से ज्यादा नहीं ।

पिताजी को फल बहुत पसंद हैं । उन्होंने रानी को पास बुलाकर कई तरह के फल खरीदे ।

बाजार का माहौल बहुत अच्छा लगा । भीड़ ज्यादा थी । फिर भी सबको अपना काम करना पड़ा ।



हम सोमवार को स्कूल जाते हैं। हमारी क्लास टीचर रश्मि शर्मा हम बच्चों से पूछती हैं– कल तुमने क्या क्या चीजें खरीदीं। तब एक–एक को बताना पड़ता है ।

(शिक्षक हर बच्चे से पूछें । वह बोले ।)

## शिक्षक के लिए :

शिक्षक छात्रों से पहले पूछेंगे कि वे इतवार के दिन घर पर क्या-क्या करते हैं। छात्र उनका वर्णन करेंगे।

छात्र अपना अनुभव बताते समय जिन हिन्दी शब्दों को बताने में असमर्थ होंगे, शिक्षक उन शब्दों को बता देंगे।

शिक्षक छात्र-छात्राओं के मन में यह भावना भर दें कि घर पर उनको अपनी शक्ति के अनुसार माँ-वाप की सहायता करनी चाहिए।

## शब्दार्थ :

इतवार - रविवार, नमकीन - नमक, माहौल - परिवेश

## अनुशीलनी

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से बताइए:**

(i) कौन-सा दिन छुट्टी का दिन होता है ?

(ii) मदन किसके साथ बाजार जाता है ?

(iii) माँ कहाँ से सब्जियाँ खरीदती हैं ?

(iv) मदन को बाजार में कौन मिल गया ?

(v) रानी की क्लास टीचर का नाम क्या है ?

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

(i) इतवार के दिन कौन-कौन बाजार गए थे ?

(ii) माँ ने क्या-क्या सब्जियाँ खरीदीं ?

(iii) मदन ने क्यों मिठाइयाँ खरीदीं ?

(iv) शाश्वत ने वाजार में क्या देखा ?

(v) मदन को कौन-सी मिठाई सबसे अच्छी लगती है ?

(vi) रश्मि शर्मा ने बच्चों से क्या पूछा ?

३. **कोष्ठक में दिए गए शब्दों से सही शब्द चुनकर खाली जगहें भरिए:**

(अच्छी, अच्छे, ताजा, अपनी)

(i) रसगुल्ले भी............... हैं।

(ii) मुझे जलेबी बहुत .............. लगती है।

(iii) उसने ............. पसंद की मिठाई देखी।

(iv) बाजार में ............ सब्जियाँ मिलती हैं।

४. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है, छाँटिए :

(i) पिताजी ने सब्जियाँ खरीदीं।

(ii) हम रविवार को स्कूल जाते हैं।

(iii) शाश्वत ने जलेवी खरीदी।

(iv) क्लास टीचर का नाम रश्मि शर्मा है।

(v) मदन को रसगुल्ले अधिक पसंद है।

## भाषा-कार्य

१. **कोष्ठक में दिए गए परसर्गों से सही परसर्ग चुनकर खाली जगहें भरिए:**

(के, को, से, ने,का)

(i) वह पिताजी .................. साथ जाती है।

(ii) यह छुट्टी ................. दिन है।

(iii) माँ ................. सब्जियाँ खरीदीं।

(iv) टीचर बच्चों ........... पूछती है।

(v) पिताजी ने कई तरह .......... फल खरीदे।

## २. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य वनाइए:

बाजार, जरूरत, मालूम, रोज, पसंद, ज्यादा, भीड़, माहौल

## ३. 'क' विभाग के शब्दों के साथ 'ख' विभाग के शब्दों का उपयुक्त जोड़े बनाइए :

| क | ख |
|---|---|
| ताजा | चीजें |
| जरूरत की | मिठाई |
| ज्यादा | सब्जियाँ |
| पसंद की | भीड़ |

### आपके लिए काम

आप इस पाठ में आई सब्जियों के नाम अपनी मातृभाषा में क्या हैं, उन्हें शिक्षिका से पूछकर लिखिए। आप बाजार में मिलने वाली विभिन्न मिठाइयों के नाम पूछकर हिन्दी में लिखिए।